<u>प्रेस नोट</u>

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 08.11.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः

- थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 1. रविन्द्र कुमार पुत्र धनीराम व 2. सुरेन्द्र सिंह पुत्र विश्राम सिंह निवासीगण जिगना धरिया का पुरवा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात के कब्जे से विभिन्न प्रकार के पटाखे कुल वजन 52 किलोग्राम अवैध बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 397/26 धारा 5/9(बी) विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 17 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना रूरा पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों व थाना शिवली पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।